ठगी मामलों में रायगढ़ पुलिस को मिली एक और सफलता, मेडिकल कॉलेज में दाखिला के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले पिता पुत्र गिरफ्तार

बगैर नीट परीक्षा दिए 35 लाख रुपए में मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर आरोपी ने वसले13.90 लाख रुपए

❑ साइबर सेल और चौकी जूटमिल पुलिस ने आरोपियों को मध्य प्रदेश के अनूपपुर से किया गिरफ्तार

❑ आरोपित पिता पूर्व एसईसीएल कर्मी और पुत्र ने खुद को बताया प्रैक्टिशनर एडवोकेट

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सुपरविजन अधिकारी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर साइबर सेल की टीम लगातार ठगी के मामलों में सफलता अर्जित कर रही है। साइबर सेल की टीम गत दिनों चौकी जूटमिल क्षेत्र के युवक को MBBS के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिला के नाम पर रु.35 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपी पिता-पुत्र को मध्यप्रदेश के अनूपपुर से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया, जिनसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जब्ती कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़ित गगन बिहारी पटेल (उम्र 30 साल) निवासी डूमरसिंघा थाना सरिया हाल मुकाम कालिंदी कुंज कबीर चौक रायगढ़ 7 दिसंबर 2022 को पुलिस चौकी जूटमिल में उससे धोखाधड़ी किए जाने का एक लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।

पीड़ित बताया कि वर्ष 2020 में बालाजी अस्पताल रायपुर में काम कर रहा था उस समय इसकी जान पहचान जितेंद्र कुमार साहू जो स्वयं को दल्लीराजहरा का मूल निवासी और रायपुर मेडिकल कॉलेज का कोआर्डिनेटर होना बताया। जितेन्द्र कई मंत्रियों और बहुत से मेडिकल कॉलेज के डीन से अच्छी जान पहचान होना बताया और डॉक्टर बनने एमबीबीएस की पढाई के लिये बगैर नीट की परीक्षा दिए किसी भी मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने में सक्षम होना बताया। जितेन्द्र यह भी बताया कि उसके पिताजी बोधराम साहू एसईसीएल के कर्मचारी हैं जिनका भी बड़े-बड़े नेता मंत्री के साथ उठना बैठना है, दोनों मिलकर कई लोगों को दक्षिण भारत के मेडिकल कॉलेज में दाखिला करा चुके हैं। उनकी लुभावनी बातों में आकर गगन बिहारी उनसे 35,00,000 रुपए में मेडिकल मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने का आपसी सौदा किया। पीड़ित बताया कि उसने चेक और मोबाइल ट्रांजैक्शन (पेटीएम) के माध्यम से पिछले 1 साल में पिता-पुत्र को 32,70,000 रुपए दे चुका है। वे लोग एडमिशन नहीं करा पाए और रुपए भी वापस नहीं कर रहे थे, दबाव बनाने पर जितेंद्र साहू और उसके पिता रु.50 के स्टांप पेपर में नोटरी कर लिख कर दिए कि रुपए जल्द वापस कर देंगे और 3 चेक दिए थे किंतु उनके खाते में पैसे नहीं होने से निराशा हाथ लगी है। दोनों पिता-पुत्र द्वारा विश्वासघात करके धोखाधड़ी किया गया है पुलिस चौकी जूटमिल में दोनों आरोपियों पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय के संज्ञान में मामला गाया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा चौकी प्रभारी जूटमिल को सायबर सेल और जूटमिल स्टाफ की संयुक्त टीम बनाकर आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए टीम अनूपपुर मध्य प्रदेश रवाना करने का निर्देश दिए।

पुलिस टीम चौकी जूटमिल के सहायक उपनिरीक्षक विजय गोपाल के नेतृत्व में मध्य प्रदेश अनूपपुर रवाना हुई। जहां दोनों पिता पुत्रों की पतासाजी कर टीम आरोपियों के सकुनत पर दबिश दिया गया। आरोपी जितेंद्र साहू स्वयं को जिला न्यायालय अनूपपुर में वकालत का प्रैक्टिस करना बताया और गिरफ्तारी से बचने कई कानूनी दांव पर लगाने लगा। पुलिस टीम वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर विधि अनुरूप कार्यवाही कर दोनों पिता-पुत्र को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। दोनों से हिम्मत अमली से पूछताछ करने पर रायगढ़ निवासी गगन बिहारी पटेल से धोखाधड़ी कर कुल 13 लाख 90 हजार रुपए प्राप्त करना बताये।

आरोपी जितेंद्र कुमार साहू बताया कि वर्ष 2020 में गगन बिहारी पटेल से बालाजी अस्पताल रायपुर में जान परिचय हुआ था। तब गगन पटेल को पढ़े-लिखे हो एमबीबीएस कर डॉक्टर बन जाओ बोला। गगन नीट की परीक्षा दिये बगैर मेडिकल कॉलेज में कैसे दाखिला होगा बोला जिसे झांसे में लेने के लिये रायपुर मेडिकल कॉलेज का कोऑर्डिनेटर, नेता, मंत्री से जान पहचान तथा पिताजी का मंत्रियों के साथ उठना-बैठना है बताकर उसे धोखे में रखकर मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने का आश्वासन दिया, गगन बिहारी पटेल तैयार हो गया और गगन बिहारी से 35,00,000 रुपए में सौदा हुआ जिसके बाद गगन से लगातार संपर्क में रहे और जुलाई 2021 में रायगढ़ आया था। जहां गगन बिहारी से नगद रु.90,000 प्राप्त किया। दोनों के बीच धीरे-धीरे रुपए देने की बात तय हुआ था। उसके बाद अक्टूबर 2021 में अपने पिता बोधराम साहू के साथ रायगढ़ आकर गगन बिहारी से रु.4,25,000 के दो चेक लिए थे। इसी प्रकार चेक और पेटीएम के माध्यम से गगन बिहारी से कुल रु.13,90,000 प्राप्त कर लिए। पिताजी 2020 में स्वेच्छा से सेवा निवृत्त लिये हैं जिन्हें गगन से प्राप्त रूपयों में से 4 लाख रूपये घर के खर्च के लिये दिया, 1 रु.100000 का बैंक फाइनेंस कर ट्रैक्टर लिया था जिसका EMI नहीं पटाने पर बैंक ट्रैक्टर को खींच ले गया कई लोगों का उधारी रकम देना था जिन्हें चेक से उधारी रकम दे दिया कुछ पैसे घूमने खाने-पीने में खर्च हो गए। गगन बार-बार 32,70,000 रुपए लिए होकर कर तगादा करता था जिसे विश्वास दिलाने के लिए 15-15 लाख रुपए के दो चेक और एक रु.2.70 लाख का चेक दिया था पर दोनों ही खाते में रुपए नहीं था। आरोपियों के कबूलनामे के बाद पुलिस टीम आरोपियों के बीच लेनदेन के डिटेल्स बैंक अकाउंट आदि की जानकारी लेकर महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जप्ती की गई है। धोखाधड़ी के अपराध में आज आरोपी जितेंद्र कुमार साहू उम्र 36 साल एवं आरोपी बोधराम साहू उम्र 58 साल निवासी छुलकारी थाना सिटी कोतवाली अनूपपुर, जिला अनूपपुर (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी की टीम में साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल, सहायक उपनिरीक्षक विजयगोपाल, प्रधान आरक्षक संजय मिजं, आरक्षक पद्मेश डंजारे, शशि भूषण साहू तथा साइबर सेल के आरक्षक महेश पंडा, प्रताप बेहरा और विकास प्रधान की अहम भूमिका रही है। जांच में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता पाये जाने पर विधि अनुरूप कार्यवाही किया जावेगा।

महत्वपूर्ण एवं खास

छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू 14 दिसम्बर को लेंगे जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

रायगढ़। छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा)श्री थानेश्वर साहू 13 एवं 14 दिसम्बर को दो दिवसीय रायगढ़ जिले के प्रवास पर आयेंगे। इस दौरान उपाध्यक्ष राज्यमंत्री (दर्जा)आर.एन.वर्मा, सदस्य महेश चंद्रवंशी, साधुचरण यादव, गिरवर साहू एवं सचिव बीरू कुमार साहू भी उपस्थित रहेंगे। छ.ग.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू 13 दिसम्बर को जशपुर से प्रस्थान कर रात्रि 10 बजे रायगढ़ सर्किट हाऊस आयेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। साहू 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे सर्किट हाऊस में पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों से भेंट-चर्चा करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। साहू शाम 4 बजे सर्किट हाऊस सभाकक्ष में प्रेसवार्ता लेंगे एवं सायं 5 बजे रायगढ़ से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

पंचम विधानसभा का पंद्रहवा सत्र : अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े नोडल अधिकारी नियुक्त

रायगढ़। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पंचम विधानसभा का पंद्रहवा सत्र 1 दिसम्बर 2022 से 6 जनवरी 2023 तक आहूत है। उक्त अवधि में प्राप्त होने वाले स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, तारांकित/अतारांकित, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार/जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कराकर शासन को उपलब्ध कराने हेतु अपर कलेक्टर रायगढ़ सुश्री संतन देवी जांगड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही उक्त अवधि के दौरान इस जिले में पदस्थ/कार्यरत समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से आदेशित किया जाता है कि वे सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे।

महिला कैशियर ने खाताधारकों के खाते से 80 लाख रूपए किए गबन

❑ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की कैशियर गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मंडी शाखा में 80 लाख रुपए गबन करने के मामले में पुलिस ने ब्रांच की महिला कैशियर को गिरफ्तार किया है। महिला कैशियर खाताधारकों के एकाउण्ट में पैसा जमा करने के बजाए अपने पास रख लेती थी। हेराफेरी का यह सिलसिला सालों से चल रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार मामला जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक मंडी शाखा जगमल चौक सिटी कोतवाली थाने क्षेत्र का है। बैंक के ब्रांच के मैनेजर हितेश सलुजा पिता अनील सलुजा ने कोतवाली थाने में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। मैनेजर ने पुलिस को बताया कि उसके शाखा में लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ खुशबू शर्मा पति शशांक शर्मा 2014 से शाखा में कैशियर का काम कर रही हैं। शाखा में खाता धारको के का पैसा जमा करने तथा पैसा निकालने कार्य कैशियर खुशबू शर्मा के द्वारा किया जाता हैं। 2 नवंबर 2022 को शाम को शाखा का वाउचर हस्ताक्षर करने हेतु चेक किया तो एक कृषक के खाते में 5 हजार रूपये जमा करने की पर्ची और 15 हजार रूपये निकालने की पर्ची दो अलग-अलग वाउचर देखा तो उन दोनों वाउचर को चेक किया। जिसमें जमा वाउचर और पैसा निकालने वाले वाउचर में कृषक का हस्ताक्षर अलग-अलग दिखाई दे रहे थे । तब कृषक का बैंक स्टेटमेंट चेक किया गया। जिसमें कई प्रकार की अनियमितता पायी गयी। तब कैशियर खुशबू शर्मा को बुलाकर अनियमितता के संबंध में जानकारी मांगी तो उसने खाता धारक के पैसे को पूर्व से निकालकर अपना उपयोग कर लेना बतायी और हाथ से पासबुक में सही एंट्री कर देती थी। जिससे खाता धारक को गड़बड़ी का पता नहीं चलता था। शाखा में कैशियर खुशबू शर्मा के द्वारा उक्त गड़बड़ी किये जाने की जानकारी होने के बाद मैनेजर ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को बताकर जांच किया गया। जिसमें कैशियर के द्वारा अन्य खाता धारको के साथ इसी प्रकार की गड़बड़ी करके उनके लगभग 80 लाख रूपये को उपयोग कर लिया गया था। मामले की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में महिला कैशियर पर अपराध दर्ज कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान आरोपीया से पूछताछ किया गया। जिससे आरोपिया के द्वारा अपने सास तथा ससुर के कहने पर खाता धारको को पैसा अपने पति शशांक शर्मा को देना बताया। मामले में पुलिस ने आरोपी कैशियर को गिरफ्तार कर लिया है।

जंगली सुअर के शिकार के लिए लगाए करंट की चपेट में आने से शिकारी की मौत

❑ मृतक शिकारी के दो दोस्तों ने मिलकर शव को लगाया ठिकाने, एक आरोपी गिरफ्तार

❑ आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज, धरमजयगढ़ पुलिस गिरफ्तार भेजा रिमांड पर

रायगढ़। 08 दिसंबर को थाना धरमजयगढ़ में ग्राम पोटिया निवासी सुफल सिंह राठिया पिता गुरूवार सिंह राठिया उम्र 53 वर्ष के बड़े भाई और परिजन थाना आकर सुफल सिंह राठिया के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराये। परिजन बताये कि 07 दिसबंर के शाम से सुफल सिंह राठिया घर में बिना बताये कहीं निकला है और घर वापस नहीं आया है। धरमजयगढ़ पुलिस गुम इंसान दर्ज कर जांच में लिया गया। गुम इंसान पतासाजी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सुफल राठिया गांव के पंचराम राठिया और सुनील तिर्की के साथ ज्यादातर उठता-बैठता है। पुलिस जब दोनों को पूछताछ के लिये तलाश की तो दोनों गांव में नहीं मिले, पुलिस को दोनों पर संदेह हुआ। गुम इंसान के पता तलाश के

साथ दोनों संदेहियों की पतासाजी को प्राथमिकता देकर धरमजयगढ़ पुलिस संदेहियों की पतासाजी के लिये मुखबिर लगाकर दबिश दिया गया जिसमें एक संदेही पंचराम राठिया को पुलिस 09 दिसंबर को हिरासत में ली। संदेही से पूछताछ में घटना का खुलासा हुआ। संदेही पंचराम राठिया अपने साथी सुनील तिर्की और सुफल राठिया (मृतक) के साथ जंगली सुअर के शिकार के लिये लगाये गये करंट की चपेट में आकर सुफल राठिया की मौत होना और पकड़े जाने के भय से सुफल राठिया के शव को दोनों गांव के घूमानारा डैम में डाल कर फरार हो जाना बताया।

आरोपी पंचराम राठिया अपने मेमोरेंडम बयान में बताया कि दिनांक 07.12.2022 के शाम सुफल सिंह राठिया, सुनील तिर्की के साथ जंगली सूअर का शिकार करने के इरादे से लोहे का तार और बिजली का तार लेकर गांव के दरस राठिया के खेत के मेड़ के पास गये। लोहे का तार फैला दिए खंभे से करंट युक्त तार जोड़ कर पास ही चुपचाप बैठ गए थे, रात्रि करीब 11:30 बजे सुफल राठिया बिछाये तार में कोई जानवर फंसा है या नहीं कहकर देखकर आता हूं कहकर चला गया, कुछ देर बाद गांव में हाथी आने की आवाज सुनकर सुफल राठिया को बुलाने गया तो देखा सुफल बिजली तार के ऊपर गिरा पड़ा था करंट के कारण उसका पूरा शरीर काला होकर जल गया था। तब सुनील तिर्की को बुला कर दिखाया फिर दोनों काफी डर गए खंभे से तार को अलग कर करंट हटाये और अपने-अपने घर चले गए। अगले दिन सुबह फिर दोनों दरस राठिया के खेत के पास गए और तारों को लपेट कर छुपा दिए और सुफल राठिया के शव को उसी के शॉट में लपेट कर लट्ठ (लकड़ी का डंडा) की सहायता से शॉल में हाथ, पैर को बांधकर गांव के घूमानारा डैम ले गए और घूमानारा डैम में सुफल राठिया की लाश को पत्थर बांध का डैम के पानी में डाल कर छिपा दिये ताकि पत्थर के वजन से लाश बाहर ना आ सके। उसके बाद बिजली के तार को जंगल में छुपा रखे थे जिसे आरोपी के मेमोरेंडम पर जप्त किया गया और लाश को गांववालों के समक्ष घूमानारा डैम के पानी के भीतर से एसडीआरएफ की टीम के साथ धर्मजयगढ़ पुलिस द्वारा बाहर निकाला गया। मामले में दिनांक 11.12.2022 को आरोपी पंचराम राठिया और सुनील तिर्की के विरूध धारा 304, 201, 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी पंचराम राठिया पिता चंदनसिंह 35 वर्ष ग्राम पोटिया राठिया को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, फरार आरोपी सुनील तिर्की की पतासाजी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सुपरविजन अधिकारी एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर धरमजयगढ़ पुलिस, एसडीआरएफ की अहम भूमिका रही है।

प्राथमिकता वाले कार्यों को चिन्हांकित कर सिंचाई क्षमता में करें वृद्धि- सीईओ

❑ जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित

रायगढ़। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक ली। उन्होंने जल संसाधन विभाग को कहा कि नए सिंचाई निर्माण प्रपोजल बनाने के साथ मरम्मत कार्यों को किया जाए। इसमें प्राथमिकता वाले कार्यों को चिन्हांकित करने करने के निर्देश देते हुए उन्होंने छोटे प्रोजेक्ट के माध्यम से सिंचाई एरिया बढऩे के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया भी उपस्थित रहे।

बैठक में सीईओ मिश्रा ने जल संसाधन

विभाग से वृहद, माध्यम एवं लघु परियोजना की जानकारी ली। उन्होंने जल भंडारण की स्थिति की जानकारी ली, संबंधित अधिकारी ने बताया की जिले में पर्याप्त जल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि धान के फसल में अधिक पानी लगता है, लिहाजा रबी धान फसलों को छोड़ दलहन, तिलहन फसलों को पानी देने निर्देशित किया गया है। सीईओ मिश्रा ने कहा की हमें जल अनुपयोग रोकने के लिए दलहन, तिलहन जैसे फसलों को एक ही चक में लेने किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। इससे पानी कम व्यर्थ होगा एवं किसानों आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोत को उपयोगी बनाने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिससे प्राकृतिक जल का सिंचाई अथवा वाटर रिचार्ज के रूप में बेहतर उपयोग किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि डबरी निर्माण पर भी कार्य किया जा सकता है। उन्होंने जल संसाधन के विभागीय अधिकारियों को जल भंडारण क्षेत्र में आवश्यक मरम्मत और प्राथमिकता वाले कार्यों की सूची बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग से रबी फसल के प्रगति की जानकारी ली। उप संचालक कृषि हरीश राठौर ने बताया कि तिलहन क्षेत्र विस्तार बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सीईओ मिश्रा ने कृषि विभाग के अधिकारी से जिन स्थानों में पानी की आवश्यकता होती है, उन स्थानों की जानकारी ली। उन्होंने नरवा निर्माण, प्राकृतिक जल संरक्षण की दिशा में ग्रामीणों से बात करने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों की आवश्यकतानुसार एक से दो एकड़ जैसे छोटे स्थान को भी सिंचित किया जा सके।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पांडे, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, एसडीओ केलो परियोजना आर.के.पाण्डेय, जी.आर. कौशल, डी.आर.डहरिया एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषि सेवा केन्द्र संचालकों का एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ

रायगढ़। कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स का प्रारंभ डॉ.ए.के. वर्मा, निदेशक विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के मार्गदर्शन में 11 दिसम्बर 2022 को हुई। इस एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स में रायगढ़, बलौदाबाजार एवं जांजगीर-चांपा जिले के 29 कृषि सेवा केन्द्र के संचालक शामिल हैं। इस कोर्स के अतंर्गत प्रत्येक रविवार को कुल 48 सत्र वैज्ञानिक/प्राध्यापकों द्वारा कृषि पाठयक्रम की पढ़ाई कराई जायेगी।

उदघाटन कार्यक्रम में डॉ.ए.के. सिंह, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय व कृषि अनुसंधान केन्द्र, इंजी.आर.के. स्वर्णकार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ.मनीषा चौधरी, के.के.पैकरा, डॉ. सी.पी.एस. सोलंकी, के.डी.महंत, श्रीमति सविता, डॉ.एन.सी.बंजारा, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ शामिल हुये।

छत्तीसगढ़ में कई इलाकों में छाए बादल, कहीं-कही दर्ज की गई हल्की बारिश

रायपुर (आरएनएस)। चक्रवाती तूफान 'मैंडूस' का असर छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रहा हैं, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र होने से प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाए हैं। राजधानी रायपुर के साथ राज्य के कहीं-कहीं पर हल्की बारिश भी दर्ज की गई हैं. आने वाले समय में तूफान के कमजोर पडऩे की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, आने वाले 2 दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ और उत्तरी छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश भी हो सकती हैं, तापमान में गिरावट के साथ साथ ठंड भी बढ़ेगी। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, आने वाले 2 दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ और उत्तरी छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश भी हो सकती हैं, तापमान में गिरावट के साथ ठंड भी बढ़ेगी। सबसे कम तापमान कोरिया जिले में 7.7 डिग्री दर्ज किया गया हैं. रायपुर में 16.2 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया हैं, वहीं बिलासपुर में 14.6, अंबिकापुर में 9.6, जगदलपुर में 16.6, दुर्ग में 14.2, राजनांदगांव में 15.5 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना एवं डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना से पात्र हितग्राहियों को मिल रहा लाभ

रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राथमिकता एवं अन्त्योदय राशन कार्डधारी परिवारों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नगद रहित उपचार लाभ दिलाने के लिये महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना राज्य के नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की ओर एक और प्रयास है। इस योजना के अंतर्गत राज्य में प्रचलित एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे राज्य के नागरिकों को दुर्लभ बीमारियों के इलाज हेतु किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा और इस योजना के माध्यम से बीमारियों से पीड़ित पात्र परिवार शासकीय सहायता से उपचार लाभ प्राप्त कर स्वस्थ एवं निरोगी बन सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के राज्य के पात्र परिवारों को अधिकतम 20 लाख रूपये की राशि तक इलाज की सुविधा प्रदान की जायेगी। आवेदन हेतु पात्रता सूची अनुसार, उपचार हेतु अधिकृत चिकित्सालय, योजनांतर्गत चिकित्सालयों का पंजीयन, बीमारियों हेतु सहायता, रेफरल, उपचार हेतु सहायता राशि, आवेदन करने की प्रक्रिया, योजना का क्रियान्वयन, चिकित्सालय के बिल भुगतान, वित्त व्यवस्था, शिकायत निवारण एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही से स्वस्थ एवं बेहतर छत्तीसगढ़ का निर्माण करके हितग्राहियों को लाभान्वित प्रदान किया जा रहा है।

डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने एवं इलाज में होने वाले व्यय व क्षति से बचाने हेतु राज्य शासन द्वारा डॉ.खूबचंद बघेल बघेल स्वास्थ्य योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य योजनांतर्गत पात्र परिवारों को चिन्हांकित बीमारियों के इलाज हेतु गुणवत्ता चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। योजनांतर्गत राज्य एवं राज्य के बाहरी शासकीय एवं निजी चिकित्सा संस्थाओं में भर्ती, सर्जरी, प्रोसीजर, जांच एवं थैरेपी से संबंधित समस्त खर्च शामिल रहेंगे। उपरोक्त बीमारियों से सभी योजना के पूर्व से ग्रस्त प्रकरणों को योजनांतर्गत इलाज लाभ प्राप्त होगा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य पात्र परिवार आर्थिक एवं जातीय जनगणना के पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार 50 हजार से 5 लाख रूपये तक की स्वास्थ्य सहायता प्रदान की जाएगी। योजनांतर्गत समस्त इलाज लाभ हितग्राहियों को पूर्णत: नकद रहित आधार पर प्रदान किये जायेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत रायगढ़ जिले में अब तक 5 हितग्राहियों को योजनांतर्गत लाभ प्राप्त हो चुका है तथा 105 क्लेम में अब तक 3 करोड़ 81 लाख 84 हजार 864 रुपये की राशि प्रदाय किया जा चुका है। इसी तरह डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना में अब तक 1 लाख 83 हजार 792 क्लेम में से अब तक 152 करोड़ 40 लाख 57 हजार 495 रुपये की राशि प्रदाय किया जा चुका है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480